संदिग्ध परिस्थितियों महिला की मौत

धौलपुर। धौलपुर जिले के राजाखेड़ा थाना क्षेत्र के नादौली गांव निवासी एक महिला की संदिग्ध हालातों में मौत हो गई। महिला की मौत की सूचना मिलने के बाद मुंबई से उसके पीहर पक्ष के लोग धौलपुर पहुंचे। जहां उन्होंने ससुराल पक्ष पर दहेज की खातिर महिला की हत्या करने का आरोप लगाया। इसके बाद पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करा दिया है। मुंबई से धौलपुर पहुंचे मृतक महिला 26 वर्षीय निकिता सिकरवार पत्नी पवन निवासी नादौली के फुफेरे भाई लोकेश सोलंकी ने बताया कि 4 वर्ष पूर्व उसकी बहन निकिता की शादी धौलपुर के पवन के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज की खातिर उसकी बहन को परेशान कर रहे थे। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को उन्हें अपनी बहन की संदिग्ध हालातों में मौत की सूचना मिली थी। सूचना पर जिला अस्पताल धौलपुर पहुंचे पीहर पक्ष ने मृतक महिला का शव देखने के बाद ससुराल पक्ष पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पीहर पक्ष की शिकायत पर राजाखेड़ा थाना पुलिस ने जिला अस्पताल धौलपुर की मोर्चरी में पहुंचकर मेडिकल बोर्ड से महिला के शव का पोस्टमॉर्टम करा दिया है। पुलिस के मुताबिक पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले में अगली कार्रवाई की जाएगी।

औष्टियोपेथी दर्द निवारण चिकित्सा उपचार शिविर का शुभारम्भ

भरतपुर (निस)। समृद्व भारत अभियान, पुलिस प्रशासन एवं सांवर लाल औष्टियोपेथ चेरिटेबल संस्थान जोधपुर की ओर से समृद्व भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता एव डॉ. नन्द किशोर पाराशर के सानिध्यं और भरतपुर संभाग के आईजी राहुल प्रकाश के निर्देशन में सारस चौराहा होटल द पार्क पर संभाग स्तरीय औष्टियोपेथी दर्द निवारण चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ हुआ। जिसका शुभारंभ आईजी राहुल प्रकाश, सरसों अनुसंधान केंद्र के निदेशक डॉ. पीके राय, समृद्ध भारत अभियान निदेशक सीताराम गुप्ता ने मां शारदे की पूजा अर्चना और औष्टियोपेथी विशेषज्ञ टीम का स्वागत के साथ किया गया।

शुभारंभ के अवसर पर आईजी राहुल प्रकाश ने कहा कि निरोगी काया ही इंसान का सबसे बड़ा सुख है, जो इंसान खान पान, रहन-सहन पर नियंत्रण रखता है और सादा जीवन जीता है। वह कभी बीमार नहीं होता एव सुखी भरा जीवन व्यतीत करता है। उन्होंने कहा कि आज का इंसान कई प्रकार के रोगों से परेशान है। जो सारे कष्ट उठाने के साथ-साथ आर्थिक संकट का भी सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि समृद्ध भारत अभियान के निदेशक गुप्ता और सांवर लाल औष्टियोपेथ चेरिटेबल संस्थान टीम ने भरतपुर संभाग मुख्यालय पर पुलिसकर्मी तथा उनके परिजन स्वास्थ्य लाभ के लिए औष्टियोपेथी दर्द निवारण चिकित्सा व उपचार शिविर लगवा कर नेक काम किया। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग जिस नेक कार्य का हमेशा आभारी रहेगा। निदेशक सीताराम गुप्ता ने कहा कि जहाँ स्वच्छता व स्वास्थ्य दुरस्त हो, वहां किसी प्रकार के रोग प्रवेश नहीं कर सकता है। हमें अपने स्वास्थ्य, घर तथा गांव की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मी वं उनके परिजन आदि के स्वास्थ्य लाभ को संभाग स्तरीय दो दिवसीय औष्टियोपेथी दर्द निवारण चिकित्सा शिविर शुरू कराया है। शिविर के पहले दिन भरतपुर धौलपुर जिले के 130 पुलिसकर्मी एवं उनके परिजनों का रजिस्ट्रेशन हुआ। निदेशक गुप्ता ने बताया कि भरतपुर संभाग के पुलिस विभाग के कांस्टेबिल, आलाधिकारी और उनके परिजनों के स्वास्थ्य लाभ वास्ते 3 अगस्त से औष्टियोपेथी दर्द निवारण चिकित्सा शिविर लगाया गया। जो 4 अगस्त तक जारी रहेगा। शिविर में सावंर लाल औष्टियोपेथी सेन्टर के विश्व विख्यात औष्टियोपेथी विशेषज्ञ डॉ. नन्दकिशोर पाराशर, डॉ.गौरव पाराशर, डॉ.सौरभ पाराशर, डॉ. जानकी पाराशर हड्डियों, जोडों एवं मांसपेशियों से सम्बन्धित असाध्य रोगो की जांच एवं उपचार कर रहे है। सरसों अनुसंधान केंद्र के निदेशक डॉ पीके राय ने कहा कि प्रदूषण तथा दूषित भोजन से इंसान के अंदर अनेक प्रकार की बीमारियां जन्म लेती हैं। बीमारियों से बचने के लिए इंसान को स्वस्थ व स्वच्छ रहना होगा साथ ही योग व व्यायाम पर ध्यान देकर नित्य जीवन जीने की रूपरेखा कायम रखनी होगी। समृद्व भारत अभियान के प्रदेश प्रभारी पुनीत गुप्ता ने बताया कि औष्टियोपेथी दर्द निवारण चिकित्सा शिविर में संभाग के भरतपुर, धौलपुर, डीग, सवाईमाधोपुर, करौली, गंगापुर जिले के 300 पुलिसकर्मी तथा उनके परिजनों का रजिस्टेशन हुआ है। पहले दिन भरतपुर धौलपुर एवं डीग जिले के करीब 130 रोगियों के उपचार स्वास्थ्य जांच की गई। 4 अगस्त को करौली सवाई माधोपुर, गंगापुर जिले के पुलिसकर्मी व उनके परिजनों की जांच होगी और रोग का निवारण किया जाएगा।

आईजी राहुल प्रकाश के निर्देशन में सारस चौराहा होटल द पार्क पर संभाग स्तरीय औष्टियोपेथी दर्द निवारण चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ हुआ।

सार-समाचार

पद ग्रहण समारोह मे कार्यकर्ता रवाना

कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष मनोज भारद्वाज के नेतृत्व में जयपुर रवाना हुये।

भरतपुर (निस)। नये प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के पद ग्रहण समारोह में भरतपुर के करीब 1000 कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष मनोज भारद्वाज के नेतृत्व में जयपुर रवाना हुये। जिलाध्यक्ष मनोज भारद्वाज द्वारा नव नियुक्त प्रदेष अध्यक्ष को भरतपुर के महाराजा सूरजमल की तस्वीर एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया और जिलाध्यक्ष मनोज भारद्वाज ने बताया कि भरतपुर जिले से कुल 38 बस एवं 88 छोटे निजी वाहनो से कार्यकर्ता रवाना हुये है। इस दल में प्रमुख रुप से मण्डल अध्यक्ष अनील शर्मा, रिशभ बंसल काजलवाला, धर्मेन्द्र जाटव, केशव कुन्तल, गोपाल सोलंकी, दीपक परमार, बिजेन्द्र सिकरौदा, बुद्धराम यादव, शिव सिंह बेवर, लोकेश कुमार, प्रेमपाल तिवाड़ी, रमन धाकड़, मोनिका जैन, याकूब खान, महामंत्री बृजेश अग्रवाल, रज्जन सिंह महुआ, दुर्गेश बूटौलिया, उमेश पाराशर, कुशलपाल सिंह राजावत एवं मोहन रारह मौजूद थे

पांचना बांध के तीन गेट खोले

करौली(नि.स.)। करौली जिला मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही बारिश के बाद नदी नाले और पांचना बांध में लगातार पानी कि आवक बनी हुई है। करौली जिले के सबसे बड़े पांचना बांध का जल स्तर लगातार बढ़ने पर सिंचाई विभाग के अधिकारी पूरी तरह से नजर बनाए हुए हैं गुरुवार को दोपहर 11:00 बजे के करीब तीन गेट खोलकर करीब 3हजार क्यूसेक पानी कि निकासी कि गई वहीं शुक्रवार को सायकाल पानी कि निकासी बंद कर दी लेकिन शनिवार को एक बार फिर पांचना बांध में पानी कि आवक बढने के बाद तीन गेट खोलकर पानी की निकासी कि जा रही है। सिंचाई विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पांचना बांध का गेज 257.15 पर पहुंच रहा है वहीं अब तक 350 एमसीएफटी पानी की निकासी की जा चुकी है और 1200 क्यूसेक कि रेट से लगातार तीन गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है। इसके अलावा करौली के डांग क्षेत्र में बने झरने भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं लोग विभिन्न पिकनिक स्पॉटों पर पहुंचकर बारिश के पानी का आनंद लेते हुए पिकनिक और गोठ करने में लगे हुए हैं।

लियो क्लब का गठन

गंगापुर सिटी । लायंस क्लब की तर्ज पर अब युवाओं को समाज की मुख्य धारा में लाने तथा युवाओं को प्रोत्साहन देने की दृष्टि से लियो क्लब का गठन किया गया है। गंगापुर शहर में दो दिन पहले ही इस क्लब का गठन कर ऊर्जावान युवाओं को शामिल किया गया है। लायंस क्लब के प्रांत स्तरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में हुए गठन के बाद यश अग्रवाल को पहला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। साथ ही सचिव संकेत गर्ग व कोषाध्यक्ष जितेन्द्र सोनी को बनाया गया है। इसके अलावा क्लब में अजय मंगल, आयुष बजाज, आयुष अग्रवाल, शशांक गुप्ता, मनीषा गोयल, दिलीप खारवाल, शशांक मंगलम को शामिल किया गया है। अध्यक्ष यश अग्रवाल ने कहा कि लियो क्लब की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे युवाओं को क्लब में शामिल किया जाएगा। साथ ही उनको आगे बढाने के लिए क्लब की ओर से सकारात्मक गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इसके लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है। इसमें सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों का सहयोग लेकर मूर्तरूप दिया जाएगा।

पद ग्रहण समारोह में भाजपाई पहुँचे

करौली(नि.स.)। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के पद ग्रहण कार्यक्रम में करौली से जयपुर के लिए भाजपाई रवाना हुए। मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के पद ग्रहण समारोह में करौली से जयपुर के लिए बस के माध्यम से मुख्य अतिथि सपोटरा विधायक हंसराज बालोती, जिला महामंत्री धीरेंद्र बैसला एवं विधानसभा संयोजक योगेश शर्मा उर्फ योगी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, मदन राठौड़ जिंदाबाद के नारे लगाकर जयपुर के लिए रवाना हुए। इस दौरान सुमित भट्ट, उत्तम सिंह, माधव हरदैनिया, बनवारी लाल सैनी, पंकज प्रजापत, कपिल शर्मा, मनीष सैनी, अजीत बिजलपुर, सतीश, रोहित शर्मा, राहुल मीणा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पशु चिकित्सा कर्मियों की बैठक ली

हिंडौन सिटी । श्री महावीर जी स्थित ब्लॉक वेटेरिनरी हेल्थ ऑफिस में क्षेत्र की पशु चिकित्सा संस्थाओं के प्रभारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पशु पालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ गंगा सहाय मीणा ने की। पशुधन प्रसार अधिकारी ललित कुमार शर्मा ने बताया कि बैठक के दौरान संयुक्त निदेशक डा मीना ने कहा कि निकट भविष्य में खुरपका मुहपका रोग से बचाव हेतु टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा परंतु उससे पूर्व पिछले चरण के टीकाकरण के डेटा को सभी संस्था प्रभारी शत प्रतिशत ऑनलाइन कर दें।

तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया

- आरोपियों के कब्जे से 2 अवैध कट्टा, 1 पौना व 2 जिन्दा कारतूस जब्त किए

भरतपुर (निस)। अवैध हथियार की खरीद-फरोक्त करने वालों के विरूद्व डीएसटी टीम व चिकसाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अवैध हथियारों की खरीद-फरोक्त करने के मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर विधि से संघर्षरत बालक को संरक्षण में लिया। आरोपियों के कब्जे से 2 अवैध कट्टा, 1 पौना व 2 जिन्दा कारतूस जब्त किए।

जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देशन में अवैध हथियारों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय लालचन्द कायल व वृत्ताधिकारी वृत ग्रामीण आकांक्षा के सुपरवीजन में डीएसटी की आसूचना पर एसआई कृष्ण वीर सिंह थाना चिकसाना द्वारा मय टीम के संयुक्त कार्यवाही कर अवैध हथियारों की खरीद फरोक्त करने के मामले में 3 आरोपियों को गिरफतार किया तथा विधि से संघर्षरत बालक को संरक्षण में लिया जाकर उनके कब्जे से अवैध हथियार व कारतूस बरामद किये गये। एसआई मुकेश कुमार प्रभारी डीएसटी मय टीम की आसूचना पर एसआई कृष्णवीर मय जाप्ता थाना चिकसाना द्वारा गश्त के दौरान इकरन मोड चामड मन्दिर के पास से तीन व्यक्तियों को गिरफतार कर व विधि से संघर्षरत बालक को संरक्षण में लिया जाकर उनके कब्जे से 2 देशी कट्टा 315 बोर, 1 पौना 12 बोर व 2 जिन्दा कारतूस 315 बोर को जब्त किया गया। इस संबंध में थाना चिकसाना पर मामला दर्ज कर आरोपियों से अवैध हथियार की खरीद फरोख्त व परिवहन के संबंध में गहनतापूर्वक पूछताछ की जा रही है।

सी.एल.जी. की बैठक में यातायात और कानून व्यवस्था पर चर्चा की

करौली (नि.स.)। करौली जिला मुख्यालय सहित जिले भर में मनाए जाने वाले त्योहारों को देखते हुए आयोजित सीएलजी की बैठक में यातायात और कानून व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई।

करौली कोतवाली थाना परिसर में आयोजित सीएलजी कि बैठक में उपस्थित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकर लाल मीणा, पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम, कोतवाली थाना अधिकारी सुनील कुमार, यातायात प्रभारी महावीर प्रसाद ने आज रविवार को हरियाली अमावस्या, श्रावणी तीज, रक्षाबंधन और कृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर आराध्य देव भगवान मदन मोहन जी महाराज के मंदिर में उमडने वाली श्रद्धालुओं कि भीड़ को देखते हुए यातायात, कानून और शांति व्यवस्था को लेकर सीएलजी सदस्यो से चर्चा करते हुए सुझाव मांगे। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकर लाल मीणा ने करौली शहर के हिंडौन गेट, वजीरपुर गेट, गणेश गेट आदि मार्गों पर मोटरसाइकिल कार आदि वाहनों को रोकने, मंदिर में प्रवेश और निकास कि व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की।

इस दौरान सदस्य बबलू शुक्ला, पूरन प्रताप चतुर्वेदी, रमाकांत शर्मा, जीतु शुक्ला, ओमप्रकाश गुप्ता, नवीन गुप्ता आदि ने पूर्व वर्षों में की जाने वाली व्यवस्थाओं को लेकर सुझाव देते हुए कहा कि शहर वासी भी यातायात व्यवस्था में सुधार करें और अपने वाहनों को आवश्यकता होने पर ही सड़कों पर निकले अन्यथा त्यौहार के दिन वाहनो को अनाव'यक बाजारों में नहीं लाएं।

करौली थाना परिसर मे सीएलजी बैठक मे उपस्थित अधिकारी व सदस्य।

करौली विकास मंच ने सौंपा ज्ञापन

- कलेक्टर को ज्ञापन सौपकर श्रावण मास के उजाले पखवाडे में आने वाले त्यौहारो पर लगने वाले मेलो के दौरान व्यवस्थाओ मे सुधान की मांग की

करौली(नि.स.)। करौली विकास मंच के संयोजक ने जिला कलक्टर को ज्ञापन सौपकर श्रावण मास के उजाले पखवाडे में आने वाले त्यौहारो पर लगने वाले मेलो के दौरान व्यवस्थाओ मे सुधान कि मांग की है।

करौली विकास मंच के संयोजक बबलू शुक्ला के नेतृत्व मे लोगो ने करौली जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेश कर बताया कि श्रावण एवं आगामी भादो मास के उजाले पखवाडे में चार त्योहार आते है जिनमें मुख्यत: हरियाली आमावश्या, श्रावणी तीज झूला दर्शन, रक्षाबंधन एवं जन्माष्टमी पर मदन मोहनजी मंदिर में करीब 20 से 25 हजार दर्शनार्थी प्रत्येक त्योहार पर आते है आने वाले दर्शनार्थी, श्रद्धालू एवं देशी-विदेशी धार्मिक पर्यटकों की समस्याओं के संदर्भ में जिला प्रशासन द्वारा करौली शहर के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारीग, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधी, मंदिर ट्रस्ट के प्रतिनिधी, जनप्रतिनिधी, नगरपरिषद के अधिकारी एवं आम लोगों से सुझाव आमंत्रण हेतु एक बैठक बुलाया जाना उचित होगा। करौली विकास मंच द्वारा मांग की जाती है कि विभिन्न विषयों जैसे आवागमन व्यवस्था-आने व जाने हेतु प्रवेश व निकासी मार्ग अलग-अलग, रोड लाईट व सफाई, नो-विहीकल जॉन, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्थाओं सहित विभिन्न बिन्दुओं पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आव'यक दि'ा निर्देश करने का श्रम करें जिससे करौली शहर में आराध्य देव राधा मदन मोहन जी के दर्शन करने आने वाले दर्शनार्थी एवं श्रद्धालू जनों को सुगम, सुरक्षित, सुविधा जनक यात्रा का लाभ मिलने के साथ करौली शहर कि स्वच्छ व अनुकूल छवि उनके मन एवं दिल में साथ जाए साथ ही शहर वासियोंस्थानीय निवासियों से अपील की जावे कि त्योहारों के दिन दर्शन समय में वाहन का उपयोग न करें जिससे यातायात प्रभावित न होते हुए बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों को असुविधा का सामना न करना पडे।

जलभराव हटाने की मांग की

भरतपुर (निस)। अग्निवीर भर्ती रैली का जिला मुख्यालय स्थित लोहागढ़ स्टेडियम में 19 से 26 अगस्त तक होगी। जिसकी वर्तमान स्थिति ऐसी है की चारो ओर सिर्फ पानी ही पानी है। जिस पर संस्कृत महाविद्यालय छात्र संघ अध्यक्ष अर्जुन सिंह चाहर ने कहा कि ऐसे भरे पानी में युवा साथी कैसे अपना दम खम दिखा पाएंगे। जिसमे भरतपुर जिला मुख्यमंत्री का गृह जिला है। अत: भर्ती रैली से पहले पानी पूर्ण रूप से निकल जाए तो युवा अपनी मेहनत अच्छी तरह दिखा पाएंगे। चाहर ने कहा कि वह भी 2019 में भर्ती देखने गए। तब भी ऐसे ही पानी जमा पाया गया। ऐसे में युवाओं को एक बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा।

गेहूं को स्टोर करने पर सरकार ने लगाई लिमिट

गंगापुर सिटी । उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर अब राजस्थान राज्य में गेहूं और दाल की स्टॉक सीमा और समय तय की है। विक्रेता निर्धारित सीमा में ही गेहूं और दलहन का स्टॉक रख सकेंगे।

जिला रसद अधिकारी अंकित पचार ने बताया कि दलहन तूअर, चना और काबुली चना के लिए थोक विक्रेता के लिए 200 मैट्रिक टन, खुदरा विक्रेता के लिए 5 मैट्रिक टन, बिग चैन रिटेनर्स के लिए खुदरा आउटलेट पर 5 मैट्रिक टन, डिपो पर 200 मैट्रिक टन, मिलर के लिए 3 महीने के उत्पादन अथवा वार्षिक संस्थापित क्षमता का 25 प्रतिशत स्टॉक सीमा तय की गई है। यह 30 सितम्बर 2024 तक प्रभावी रहेगी।

इसी प्रकार गेहूं थोक विक्रेता के लिए 3000 टन, खुदरा विक्रेता के लिए 10 टन, बिग चैन रिटेनर्स के लिए खुदरा आउटलेट पर 10 टन, डिपो पर 3000 टन, प्रोसेसर्स के लिए मासिक क्षमता की 70 प्रतिशत मात्रा को 2024-25 के शेष महीनों से गुणा के बराबर स्टॉक सीमा तय की गई है।

यह आगामी 31 मार्च 2025 तक प्रभावी रहेगी। उन्होंने बताया कि जिले में दलहन और गेहूं के व्यापारी विभागीय अधिसूचना जारी होने के 30 दिनों के अन्दर निर्धारित समय सीमा में स्टॉक रखेंगे।

निवर्तमान राज्यपाल मिश्र का किया नागरिक अभिनन्दन

सवाईमाधोपुर। निवर्तमान राज्यपाल कलराज मिश्र का 101 सामाजिक, नागरिक तथा व्यापारिक संस्थाओं द्वारा सम्मान किया गया।

संस्कृति युवा संस्था एवं जयपुर नागरिक अभिनन्दन समारोह समिति द्वारा जयपुर स्थित होटल क्लार्क्स आमेर में आयोजित नागरिक अभिनन्दन समारोह में 101 सामाजिक, नागरिक तथा व्यापारिक संस्थाओं द्वारा निवर्तमान राज्यपाल कलराज मिश्र का नागरिक अभिनन्दन किया गया। माँ कामाख्या ज्योतिष एवं शोध संस्थान की ओर से डॉ. मधु मुकुल चतुर्वेदी तथा पंडित तारा चंद शास्त्री ने निवर्तमान राज्यपाल कलराज मिश्र का अभिनन्दन किया।

समारोह के विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़, गोकुल माहेश्वरी, बी. एम. शर्मा, एडवोकेट एच. सी. गणेशिया रहे तथा अध्यक्षता पंडित सुरेश मिश्रा ने की। इस अवसर पर बोलते हुए निवर्तमान राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि संविधान की उद्देशिका में संविधान के आधारभूत सिद्धांतों एवं मूल्यों के दर्शन होते हैं। संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों के प्रति तो सभी जागरूक रहते हैं किन्तु संविधान द्वारा निर्देशित मूल भूत कर्तव्यों को प्राय: अनदेखा किया जाता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने सामाजिक, नागरिक, राष्ट्रीय, नैतिक, विधिक तथा पर्यावरणीय कर्तव्यों का सदैव ही निष्ठापूर्वक निर्वहन करना चाहिए।

बजरी भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार महिला को मारी टक्कर

टक्कर से महिला की मौके पर ही मौत हो गई।

धौलपुर। जिले के मनियां थाना क्षेत्र में बाइक सवार एक महिला को अवैध चम्बल बजरी से भरे ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी। जिसके चलते मौके पर ही महिला की तड़पते हुए दर्दनाक मौत हो गई। वहीं बाइक चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना शनिवार दोपहर मनियां क्षेत्र के गांव किशनलाल के पुरा के पास की है, जहां अपनी बेटी से मिलकर वापिस अपने घर लौट रही थी। तभी किशनलाल का पुरा रूंद का पुरा के पास बजरी से भरे ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही महिला की मौत हो गई। मनियां थाने के हैड कांस्टेबल दिनेश कुमार ने बताया कि कंचनपुर थाना क्षेत्र के गांव लहसुन का पुरा निवासी 54 वर्षीय महिला लीला पत्नी रामचरण जाटव की मौत हुई है। वहीं इनका एक रिश्तेदार भी घायल बताया जा रहा है, जो बाइक से महिला को लेकर आ रहा था।

घटना को लेकर मृतका के पुत्र प्लाजा ने मनियां थाने में तहरीर रिपोर्ट दी है। जिसमें उसने बताया है कि उसकी मां लीला और मध्यप्रदेश निवासी उनका एक रिश्तेदार राकेश कुमार मनियां क्षेत्र के गांव बरावट में उसकी बहन की ससुराल में मिलने गई थी। इसके बाद वहां से वापस लौटते हुए किशनलाल का पुरा के पास तेज रफ्तार बजरी से भरे एक ट्रैक्टर ट्राली ने दोनों को टक्कर मार दी। जिसमें उसकी मां की मौके पर ही मौत हो गई और रिश्तेदार राकेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका इलाज चल रहा है। हैड कांस्टेबल दिनेश कुमार ने बताया के मृतक के पुत्र प्लाजा ने तहरीर रिपोर्ट दी है। जिसके आधार पर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। इसके बाद आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

फ्रेन्डशिप डे का आयोजन किया

भरतपुर (निस)। शनिवार को भरतपुर शहर के हृदयस्थली में स्थित विवेकानन्द प्ले स्कूल में फ्रेन्डशिप डे का आयोजन किया गया। पूरे विद्यालय को फ्रेन्डशिप डे के थीम पर रंग-बिंरगे गुब्बारों से सजाया गया। सभी बच्चें व शिक्षिकाएँ पार्टी-वियर परिधानों में आयें। सभी बच्चें इस नये आयोजन को लेकर बहुत उत्साहित थे। फ्रेन्डशिप डे समारोंह के लिए सभी बच्चों ने फ्रेन्डशिप बेंड बनाये। जिन्हें बनाने के लिए सभी बच्चों ने रंग-बिंरगे शाटन रिबन, बेन्बेट पेपर, नग, स्टोन, स्टीकर, बीट्स का उपयोग किया तथा विभिन्न प्रकार की डिजाइनों में फ्रेन्डशिप बेंड बनाये। सभी बच्चों ने एक-दूसरें के हाथ पर फ्रेन्डशिप बेंड बॉधे व फ्रेन्डशिप डे की शुभकामनाएँ भी दी और सभी बच्चों ने चॉकलेट खाकर फ्रेन्डशिप का आनन्द लिया। सभी बच्चों ने फ्रेन्डशिप डे की थीम पर पर बने नृत्यों का भी आनंद लिया। विद्यालय की सभी शिक्षिकाएँ आरती खण्डेलवाल, शगुन, रेनू जैन, निशा, रेनू तोमर, मनीषा, मंजू सोनी आदि ने सभी बच्चों को एक-दूसरे को फ्रेन्डशिप बेंड बॉधने में मदद की। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय की डिप्टी डायरेक्टर ज्योति आर्य ने सभी बच्चों को फ्रेन्डशिप डे का हमारे जीवन में महत्व बताते हुए कहा कि सभी को अपने जीवन में बहुत से मित्र बनाने चाहिए। यह भी बताया कि मित्रता से आजकल होने वाली बीमारी जैसे अकेलापन, डिप्रेशन आदि का निवारण किया जा सकता है और उन्होने यह भी बताया कि सभी को प्रत्येक के साथ मित्रतापूर्ण व्यवहार करना चाहिए तथा एक-जुट होकर एवं मिलजुल कर रहना चाहिए।

हिंडौन में झमाझम बारिश से बांधों और तालाबों में बढ़ रही पानी की आवक

हिंडौन सिटी। पांचना बांध से गुरुवार को 3 गेट से 3 हजार क्यूसेक छोड़ा गया पानी शनिवार सुबह करीब 11 बजे हिंडौन के महू की गंभीर नदी में पहुंच गया। फिलहाल एनीकट एरिया में पानी भर रहा है। जगर बांध में शुक्रवार शाम तक गेज एरिया में 5 फिट पानी की आवक ही हुई है। जिसकी भराव क्षमता 30 फीट है।

बता दें कि इस वर्ष जनवरी से गेज एरिया सूखा पड़ा था। जगर बांध के कैचमेंट एरिया सेंसर नदी, चांदोर नदी में अच्छी बारिश होने से जगर बांध में पानी की आवक हुई। इधर क्षेत्र वासी नदी तालाबों में बहते हुए पानी का नजारा देखने पहुंच रहे है। साथ ही पांचना बांध से गुरुवार को 3 गेट खोलकर छोड़े गए 3 हजार क्यूसेक पानी महू की गम्भीर नदी में नही पहुंच पाया। ग्रामीण दो दिनों से महू नदी की पुल पहुंचकर पानी आने का इंतजार कर रहे है।

पांचना बांध से छोड़ा गया पानी श्रीमहावीरजी की गंभीर नदी पार कर शुक्रवार रात को भोपुर एनीकट के पास ही पहुंच पाया। जबकि मुंडिया, तिघरिया, लपावली क्षेत्र में ग्रामीणों का इंतजार बरकरार है। हिंडौन के जाट का तालाब व जलसेन में भी पानी की आवक हो चुकी है। कृषि मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार आगामी हफ्ते में भी बारिश होने की संभावना है। बारिश के बाद क्षेत्र में तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट हुई है।

बता दें कि करौली से शुरू होकर गम्भीर नदी कटकड, श्रीमहावीरजी, किरवाड़ा, भोपुर, मुंडिया, तिघरिया, महू, सीतापुर होते हुए बयाना के समोगर होकर भरतपुर पहुंचती है

वहीं 3 दिन पहले हुई बारिश के कारण कई हिस्सों में अभी जलभराव से हालात खराब है। नगर परिषद की ओर से जलभराव क्षेत्रों से जल निकासी की व्यवस्था नहीं किए जाने से जाट की सराय में 200 घर जलभराव में घिरे हुए है। वहीं आस्था के मुख्य केंद्र भूमिया बाबा मंदिर परिसर में पानी भरा हुआ है। जिसके बाद स्थानीय लोग निजी खर्चे पर जनरेटर से मोटर चलाकर पानी की निकासी कर रहे है। हालांकि जलनिकासी के लिए स्थानीय लोगों द्वारा किए जा रहे प्रयास नाकाफी है। जाट की सराय में मकानों की सीढ़ियां पानी मे डूबने से लोगों को गंदे पानी मे होकर निकलना पड़ रहा है। सावन मास में पूजन के लिए शिवालय जाने वाली महिलाओं-युवतियों व स्कूली बच्चे, बीमार लोगों को गंदगी से होकर निकलना पड़ रहा है। साथ ही कीड़े, मच्छरों के प्रकोप से भी स्थानीय लोग परेशान है। भूमिया बाबा मंदिर के पुजारी सुरेंद्र वैष्णव ने बताया कि मन्दिर में आने वाले श्रद्धालुओं को जलभराव से होकर गुजरना पड़ रहा है। बारिश के पानी के साथ सीवरेज व नालियों के गंदा पानी से निकलने में चर्म रोग फैलने की भी आशंका बनी हुई है जाट की सराय के निवासी धर्मा जाट ने बताया कि जलनिकासी के लिए पिछले दिनों तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया। लेकिन कोई व्यवस्था नही की गई। साथ ही दुब्बे पाडा, हाई स्कूल, महाराजा सूरजमल स्टेडियम में भी जलभराव बना हुआ है।

जगदीश जी की पदयात्रा आज आएगी कैमरी मे

हिंडौन सिटी । जगदीश भक्त मंडल चाँदनगांव से भगवान जगदीश की छठवीं पदयात्रा रविवार को जगदीश धाम कैमरी आएगी । जगदीश भक्त मंडल चाँदनगांव के अध्यक्ष बहादुर सिंह गुर्जर ने बताया कि पदयात्रा की व्यवस्था की तैयारियां पूरी की चुकी है । पदयात्रा से जुड़े सदस्य गोपाल गुर्जर चौथईया ने बताया कि सुबह 9 बजे देवनारायण मंदिर पर पंडितों द्वारा रथ और झंडे का पूजन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया जाएगा । उन्होंने बताया कि अमावस्या के अवसर पर शाम को भगवान जगदीश जी पर झंडा चढ़ाया जाएगा और शाम को भंडारे का आयोजन कर भगवान की प्रसादी का वितरण किया जाएगा। इस दौरान जगदीश भक्त मंडल के अध्यक्ष बहादुर सिंह, गोपाल चौथईया, दीवान पंवार, हैप्पी खटाना, भूपेन्द्र खटाना अधैत सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।